## ब्रीफ न्यूज

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा मेगा संतृप्ति शिविर का आयोजन




**भोपाल।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा, भोपाल क्षेत्र ने वित्तीय सेवाएं विभाग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत विशेष मेगा संतृप्ति शिविर का आयोजन बिजलौन और सूखीसेवनिया में किया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक, रेखा चंदनावेली, बैंक प्रधान कार्यालय, वित्तीय समावेशन विभाग के महाप्रबंधक, विमल कुमार नेगी, अंचल प्रमुख, भोपाल, शैलेष कुमार पारख तथा क्षेत्रीय प्रमुख, भोपाल, दीपेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, रेखा चंदनावेली ने बताया कि री-केवाईसी नहीं होने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से मिलने वाले लाभों से वंचित हो सकते हैं। सभी ग्राम वासियों को री-केवाईसी की पूरी प्रक्रिया को करने के लिए कहा। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाते खोलना एवं केवाईसी अपडेट कराना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि की जानकारी दी। साथ ही साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया।